Regarding development of pilgrimage sites

डॉ. मनोज राजोरिया (करौली-धौलपुर): महोदय, मैं आपके माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र में आस्था के केंद्र श्री मेहंदीपुर बालाजी, श्री मदन मोहन जी मंदिर, करौली, मां राजराजेश्वरी कैला देवी, मचकुंडधाम, धौलपुर के लिए भारत सरकार से यह मांग करता हूं कि ये सभी पवित्र तीर्थस्थल हैं । लाखों की संख्या में हर महीने श्रद्धालु यहां पर आते हैं । कृपया काशी और उज्जैन कॉरीडोर की भांति यहां पर भी कॉरीडोर का विकास किया जाए, जिससे भक्तों को इन तीर्थस्थलों का और लाभ मिल सके । ये तीर्थस्थल भारत में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में प्रसिद्ध हैं । अत: मैं पुन: मांग करता हूं कि इन सभी तीर्थस्थलों पर कॉरीडोर की स्थापना तुरंत प्रभाव से की जाए । धन्यवाद ।

14.09 hrs (Shri A. Raja *in the Chair*)

माननीय सभापति **:** श्री बिद्युत बरन महतो ? उपस्थित नहीं ।

श्री मुकेश राजपूत जी ।